राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, सोमवार 08 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 90 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




उत्कल समाज



बेल्डीह



बिष्टुपुर



# रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे महाप्रभु जगन्नाथ

## जय जगन्नाथ के जयकारे से भक्तिमय हुई लौहनगरी

देवनगर गांधी आश्रम



मानगो हनुमान मंदिर



वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

रविवार को लौहनगरी जय जगन्नाथ के नारे से गूंज उठी. शहर के चारो ओर से अलग-अलग मंदिरों एवं संस्थाओं ने रथयात्रा निकाली. बेलडीह काली बाड़ी को छोड़कर सभी जगहों की रथयात्रा 1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर तक की दूरी तय की. सबसे लंबी दूरी बिष्टुपुर राम मंदिर से निकली रथयात्रा ने तय किया. यह रथयात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर गोपाल मैदान, जुस्को गोलचक्कर, स्ट्रेट माइल रोड, कीनन स्टेडियम, साकची बड़ा गोल चक्कर, होते हुए साकची वाहन पड़ाव स्थल पर जाकर समाप्त हुई. तीन-अलग-अलग रथों पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं सबसे पीछे बलभद्र का रथ चल रहा था. तीनों रथों को लोग खींचते हुए जय जगन्नाथ, महा प्रभू जगन्नाथ की जय हो जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे. जगह-जगह विभिन्न संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगाया गया था. जहां रथ को खींचने में शामिल लोगों को शर्बत, पानी, ग्लूकोज, चना, वगैरह प्रदान किया जा रहा था. रथ खींचने वाले अधिकांश लोग नंगे पांव चल रहे थे.

बिष्टुपुर राम मंदिर से इस्कॉन की ओर से निकाली जाने वाली रथयात्रा में लोगों की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस की ओर से मेन रोड को दो छोर पर बंद कर दिया गया था. वोल्टास मोड़ के समीप रोड को बंद कर दिया गया था. किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित था. केवल पैदल आने-जाने वाले लोग ही बैरिकेडिंग के रास्ते से जा रहे थे. स्टेशन-जुगसलाई की ओर से आने वाले लोगों को बोल्टास गोलचक्कर से पीएम मॉल अथवा सिंहभूम चैंबर के रास्ते से जाने के लिए कहा जा रहा था.

खासमहल



वहीं बिष्टुपुर थाना गोलचक्कर के बैरिकेडिंग लगाकर साकची की ओर से आने वाले वाहनों को गोपाल मैदान खरकई लिंक रोड होकर आना जाना कर रहे थे. जिसके कारण उक्त रोड काफी देर जाम हो गया. जिसके बाद ट्राफिक पुलिस की मदद से जाम हटाया गया.

रथयात्रा को लेकर शहर को 8 थाना क्षेत्र में बांटकर पुलिस बल व दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) तैनाती की गई थी. रथ यात्रा में किसी तरह का व्यवधान अथवा अव्यवस्थआ नहीं हो. इसके लिए पुलिस हमेशा तत्पर थी. ट्राफिक पुलिस को जगह-जगह तैनात किया गया था. जिससे आवागमन सामान्य बना रहे. शहर के अलग-अलग हिस्सों में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 12 मजिस्ट्रेत प्रतिनियुक्त रहे.

खासमहल जगन्नाथ मंदिर से रविवार की शाम में रथयात्रा निकाली गई. जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिंहा समेत अन्य ने पूजा अर्चना कर रथ खींचा. इसके अलावे नागा मंदिर बेलडीह, काली मंदिर नामदा बस्ती, जुगसलाई रथ गली, गोलपहाड़ी जगन्नाथ मंदिर, भारतीय कृष्ण भावनामृत संघ, सिदगोड़ा बाबूडीह बस्ती से रथ यात्रा निकली. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को साकची उत्कल एसोसिएशन की ओर से निकाले गए रथयात्रा में शामिल हुए. पूजा अर्चना करने के बाद रथ के समक्ष माथा टेका और रथ यात्रा वाले मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा की.

झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले देवनगर गांधी आश्रम से निकाली गई रथ यात्री में शामिल हुए. पूजा-अर्चना कर रथ खींचा. कहा कि भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा हमारे जीवन को स्वास्थ्य, खुशी और आध्यात्मिक समृद्धि से भर दे. जुगसलाई विधानसभा बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोड़ाम ग्राम स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए. उन्होंने माथा टेक कर महाप्रभु का आशीर्वाद लिया.

(फोटो : प्रसेनजीत)

## घाटशिला, बहरागोड़ा, आदित्यपुर में रथ खींचने को उमड़े श्रद्धालु

शुभम संदेश टीम

**घाटशिला** के मऊभंडार शिव मंदिर परिसर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर से रविवार की शाम भक्तिभाव के साथ गुडिचा रथ यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा मंदिर परिसर मऊभंडार से निकलकर घाटशिला, गोपालपुर पुराना रेलवे क्रासिंग तक पहुंची.भक्तों के लिए सूर्य मंदिर विकास परिषद गोपालपुर, गणेश पूजा समिति दहीगोड़ा सहित अन्य ने सेवा शिविर लगाए थे. हजारों की संख्या में श्रद्धालु रस्सी के सहारे रथ को खींच कर गुंडिचा स्थित मौसीबाड़ी तक महाप्रभु को ले गए.

बहरागोड़ा प्रखंड के पाटपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर कालीबाड़ी स्थित मौसी घर के लिए रवाना हुए. रथ यात्रा के साथ कीर्तन मंडली भी चल रही थी. मुख्य पुजारी दुर्गा पद पाठक, सहयोगी पुजारी देवाशीष पाठक,निपेन दुबे तथा राम कुमार ने पूजा अर्चना की. रथ यात्रा का संचालन श्री श्री जगन्नाथ चेतना सेवा समिति द्वारा किया गया. भुतिया पंचायत स्थित लाउडोका के जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकाली गई. यहां से निकली रथयात्रा सांडरा पंचायत के मासड़ा गांव स्थित मौसीबाड़ी पहुंची.

मऊभंडार



बहरागोड़ा



आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी शिव दुर्गा साईं मंदिर से धूमधाम से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली. लोहे के बने रथ में भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा संग इच्छापुर दुर्गा मंदिर में बनाए गए मौसीबाड़ी पहुंचे. इस दौरान भक्तों की भीड़ लगी रही. पिछले वर्ष ही यहां पुरी धाम से भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की मूर्ति लाकर विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा पूजन कराया गया था.

## ब्रीफ खबर

### यूसिल के नए तकनीकी निदेशक बने अनुत्तम मिश्रा

**जादूगोड़ा** | अनुत्तम मिश्रा यूसिल के नए तकनीकी निदेशक नियुक्त किए गए हैं. सोमवार को वह यूसिल में योगदान देंगे.19 जुलाई 2023 से इंडियन रेअर अर्थ लिमिटेड, मुंबई में तकनीकी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं. सार्वजनिक उद्यम चयन समिति (पीईएसबी) ने उन्हें यूसिल के तकनीकी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. पूर्व तकनीकी निदेशक राजेश कुमार 30 जून को रिटायर हो गये थे.

### भाखर में साप्ताहिक हाट का पंसस ने किया शुभारंभ

**गुड़ाबांदा** | प्रखंड अंतर्गत सिंहपुरा पंचायत के भाखर गांव में साप्ताहिक हाट का शुभारंभ रविवार को पंचायत समिति सदस्य सिंहपुरा पुष्पा महतो ने फीता काट कर किया. साप्ताहिक हाट आयोजन कमेटी ने उपस्थित के दुकानदारों का स्वागत गमछा ओढ़ाकर किया. पंसस पुष्पा महतो ने इस अवसर पर कहा कि भाखर में साप्ताहिक हाट के आयोजन से ग्रामीणों को सहुलियत होगी.

### असंगठित मजदूरों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**जमशेदपुर** | परसुडीह गौरी भवन में असंगठित मजदूरों के क्षमता संवर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें काफी संख्या में मजदूर एवं विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए. वक्ता के रूप में कंज्यूमर कोर्ट प. सिंहभूम के मेंबर राजीव कुमार, अधिवक्ता शमशाद खान, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर (सीआईएसफ) बलराम पात्रो, रिटायर्ड लेबर सुपरिंटेंडेंट राकेश कुमार, अनिरुद्ध सरकार, अरुण कुमार एवं तपन कुमार गोराई समेत अन्य मौजूद थे.

## श्री लक्ष्मीनारायण की प्राण प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ संपन्न

### जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय रहे प्रमुख यजमान

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिवस रविवार को श्री लक्ष्मीनारायण, शिव परिवार, हनुमान जी, मां काली की प्रतिमाओं की मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई. प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन के साथ ही यज्ञ की पूर्णाहुति हुई. इस पांच दिवसीय महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय रहे. साथ ही स्थानीय लोग भी यजमान बने. प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब आम लोग मूर्तियों का पूजन-दर्शन कर सकेंगे. यज्ञ की समाप्ति के हजारों लोगों ने महाभोग ग्रहण किया.

पांच दिनों तक चले इस प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में हजारों लोग शामिल हुए. इन पांच दिनों में महायज्ञ परिसर का पूरा वातावरण भक्तिमय रहा. मंदिर परिसर में एक यज्ञवेदी बनाया गया था. समस्त धार्मिक अनुष्ठान वहीं संपन्न हुए. वहीं पांचों दिन रामधुन गाने वाले गायकों का दल निरंतर रामधुन गाता रहा. पांच दिनों तक चले इस महायज्ञ को सफल बनाने में सर्वश्री आशुतोष राय, हरेराम सिंह, अनिकेत सिंह, असीम जी, मुकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि की महती भूमिका रही. यह पूरा महायज्ञ बेगूसराय से पधारे प्रख्यात पंडित गौरीशंकर ठाकुर जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.



श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा करते विधायक सरयू राय.

## विवाद के बाद पीट- पीट कर भाई की हत्या

**जमशेदपुर** | आजादनगर थाना अंतर्गत अमर ज्योति स्कूल के पास विवाद के बाद भाई ने भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी. कपाली अलकबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रहने वाले दो भाई इसरार और इकरार अमर ज्योति स्कूल के पास सब्जी बेचने का काम करते हैं. दोनों मूल रूप से उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं. शनिवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद इकरार ने इसरार की लाठी-डंडे से पिटाई शुरू कर दी. इसमें इकरार का बेटा भी शामिल था. इसरार को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

## खेलने के दौरान तबीयत बिगड़ने से 11 वर्षीय किशोर की मौत

संवाददाता | जमशेदपुर

एमजीएम थाना अंतर्गत एनएच 33 स्थित आनंद विहार कॉलोनी निवासी जीतेन गुप्ता के 11 वर्षीय पुत्र निहाल गुप्ता की खेलने के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. घटना रविवार सुबह 9 बजे की बताई जा रही है. निहाल को पड़ोसियों ने अचेत अवस्था में देखा और परिजनों को सूचना दी. सूचना पाते ही परिजन अचेत अवस्था में निहाल को लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया.

टीएमएच ले जाने के क्रम में रास्ते में ही निहाल की मौत हो गई. इस संबंध में निहाल के पिता जीतेन गुप्ता के बयान पर एमजीएम थाना में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कराया गया है. पिता ने पुलिस को बताया कि निहाल घर के पास स्थित खटाल के पास खेल रहा था. वह लोहे की गेट पर अचेत अवस्था में पाया गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे पर उसकी मौत हो चुकी थी. इधर, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा.

**चिंताजनक** पानी के अभाव में मक्का की खेती हुई प्रभावित, तिलहन व मोटे अनाज की जिले में बुआई शून्य

# सुखाड़ की ओर पूर्वी सिंहभूम, 0.33 प्रतिशत ही हो पायी धान की रोपनी

सुनील पांडेय | जमशेदपुर

दक्षिण-पश्चिमी मानसून की बेरूखी ने पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है. वर्षा नहीं होने से जहां धान की रोपनी बंद है. वहीं खरीफ फसलों की बुआई भी प्रभावित हुई है. इसके साथ-साथ मानसून के दौरान होने वाली सब्जी की फसल भी सूखने के कगार पर पहुंच गई है. कुल मिलाकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीर दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. किसानों में सुखाड़ की चिंता सताने लगी है. अभी तक जिले में सामान्य वर्षापात (316.4 मिलीमीटर) के विरूद्ध वास्तविक वर्षापात केवल 50 मिलीमीटर की हुई है. ऐसे में धान की रोपनी तो दूर धान के बिचड़े सूखने पर दोबारा बिचड़े लगाए जा रहे हैं. ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि धान की रोपनी का सीजन बीतने बाद यहा संभव है रोपनी हो. जिले में धान की रोपनी का लक्ष्य पिछले वर्ष की तरह 110000 (एक लाख 10 हजार हेक्टेयर) हेक्टेयर भूमि पर रखा गया है. लेकिन जुलाई माह के पहले सप्ताह में नगण्य वर्षा के कारण मात्र 363 हेक्टेयर (0,33 प्रतिशत) ही धान की रोपनी हो पाई है. यही स्थिति अन्य खरीफ फसलों की भी है. खेतों में पानी नहीं रहने के कारण फसलों को बचाना अब किसानों के लिये चुनौती बन गई है. झारखंड में इस बार मानसून काफी विलंब से पहुंचा. इसका कारण विभाग जलवायु परिवर्तन को मान रहा है. हालांकि केरल में मानसून 1 जून के पहले ही आ गया. झारखंड में अक्सर 15 जून तक प्रवेश हो जाता है. लेकिन इस बार 21-22 जून को इसकी इंट्री हुई. किसानों ने अपने खेतों में धान की बिचड़ा लगाया. लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण बिचड़ा सूखने लगा. कहीं-कहीं किसानों ने बोरिंग व जलाशयों के माध्यम से बिचड़ा बचाया. लेकिन रोपनी लायक खेतों में पानी नहीं जमा हुआ.



| फसल | लक्ष्य | बुआई |
|---|---|---|
| (सभी आंकड़े हेक्टेयर में) | | |
| धान | 110000 | 5568 |
| मक्का | 11820 | 624 |
| दलहन | 22200 | 217 |
| तेलहन | 2650 | 00 |
| मोटे अनाज | 1190 | 00 |
| कुल | 147860 | 1207 |

### दलहन की मात्र 0.52 प्रतिशत ही बुआई

पूर्वी सिंहभूम जिले में खरीफ फसलों में दलहन, तेलहन एवं कुछ मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, मड़ूआ वगैरह) की खेती होती है. दलहन की खेती लक्ष्य (22200 हेक्टेयर) का मात्र 0 .52 प्रतिशत ही हुई है. जबकि तेलहन की खेती लक्ष्य के अनुरूप शून्य है. इसी तरह तेलहन (मुंगफली, तिल, सोयाबीन, सरगुजा एवं अंडी) की बुआई का लक्ष्य 2650 हेक्टेयर भूमि पर था. लेकिन अभी तक जिले में इसकी कहीं भी बुआई नहीं हुई है.

### 6.17 प्रतिशत ही हो पायी है मक्का की बुआई

जिले में मक्का की बुआई का लक्ष्य 11820 हेक्टेयर भूमि पर निर्धारित किया गया है. जिसमें केवल 729 हेक्टेयर (6 .17 प्रतिशत) में ही अब तक फसल लगाई जा सकी है. विभाग का मानना है कि अगर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो उपरोक्त फसलों को बचाना किसानों के लिये काफी मुश्किल होगा. जिसके कारण नि:संदेह पैदावार प्रभावित होगी.



*विलंब से मानसून आने के कारण अभी धान की रोपनी के लिए पर्याप्त समय है. अगर आने वाले दिनों में वर्षा नहीं होती है तो यह चिंता की बात है. विभाग प्रखंडवार आंकड़े प्रतिदिन प्राप्त कर रहा है. आंकड़ों के आधार पर 15 जुलाई के बाद इसका आकलन करके विभाग को सूचित किया जाएगा. हालांकि मक्का की फसल के संबंध में कहा कि अभी शुरुआती दौर है. जुलाई माह तक मक्का की बुआई होती है. अभी इसमें विलंब नहीं हुआ है. हालांकि सब कुछ वर्षापात पर निर्भर करता है.*

**दीपक कुमार**
**जिला कृषि पदाधिकारी**

## ब्रीफ खबरें

### सर्पदंश से 18 वर्षीय युवक गंभीर, ले गए झाड़ग्राम

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के भारुडीह गांव निवासी विनोद हांसदा के 18 वर्षीय पुत्र कारु हांसदा को रविवार को घर के बाहर सांप काट लिया. आनन फानन में परिवार वाले कारु को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ मीरा मुर्मू ने जांच कर सांप काटने के लक्षण कारू में पाये. उसे 10 एंटी स्नेक वेनम दिया गया, इसके बाद तत्काल उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया गया. परिवार वाले एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर न ले जाकर निजी वाहन से झाड़ग्राम के लिए रवाना हो गए. परिजनों ने बताया कि उसे गेहूंवन सांप ने काटा है. सांप घर के अंदर ही छुपा हुआ है.

### फुलडूंगरी में हुई लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**घाटशिला ।** एक निजी संस्थान द्वारा रविवार को फुलडूंगरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री गीता मुर्मू शामिल हुईं. सभी चिकित्सक को धन्यवाद देते हुए गीता मुर्मू ने कहा कि अगर इस तरह की निःशुल्क शारीरिक स्वास्थ्य जांच छोटे-छोटे गांव में आयोजित की जाए तो काफी अच्छा होगा. इससे गांव के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी. संस्थान का यह कार्य काफी सहरनीय है. स्वास्थ्य सिविल में फुलडूंगरी तथा आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में लोगों ने जांच कराई.

### कांग्रेस पार्टी ने लगाया चिकित्सा सह पेंशन शिविर

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से रविवार को रथयात्रा के मौके पर चिकित्सा सह पेंशन शिविर का आयोजन किया गया. इसमें 334 लोगों की जांच कर उन्हें दवा दी गई. साथ ही 129 लोगों का सर्वजन पेंशन योजना के तहत फॉर्म भरा गया. चिकित्सा शिविर में दर्जनभर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं. मौके पर मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सभी चिकित्सकों का सम्मान किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से इस तरह के शिविर का आयोजन निरंतर किया जाएगा. मौके पर सन्नी सिंह, सचिन कुमार सिंह, निखिल तिवारी, हरिहर प्रसाद, कुमार गौरव, सुशील घोष सहित अन्य मौजूद थे.

### जादूगोड़ा मुक्तिधाम में बनेगा सामुदायिक भवन

**जादूगोड़ा ।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के यूसिल डैम स्थित मां तारा काली मंदिर मुक्तिधाम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से 40 लाख रुपये की लागत से एक सामुदायिक भवन और हाइ मास्ट लाइट लगेगी. यह जानकारी मां तारा काली मंदिर मुक्तिधाम के संचालक टिक्की मुखी ने दी. उन्होंने बताया कि बन्ना गुप्ता से मंदिर के समीप एक सामुदायिक भवन, हाइ मास्ट लाइट व तोरण द्वार बनाने का आग्रह किया गया था. पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त ने यूसिल प्रबंधन को सीसीआर के तहत यह काम कराने के लिये पत्र लिखा. इसका टेंडर भी निकाला जा चुका है. जल्द ही मुक्ति धाम में सामुदायिक भवन और हाई मास्ट लाइट बन कर तैयार हो जाएगा. यहां पर होने वाले कार्यक्रमों में लोगों को सुविधा होगी.

---

दीप्ती कंस्ट्रक्शन पर टाटा स्टील के कर्मियों की सोसायटी सम्पूर्ण सहकारी समिति के सदस्यों का आरोप

# डेवलोपर को 48 माह में देना था फ्लैट, 13 वर्ष में भी नहीं हुआ पूरा

**संवाददाता । आदित्यपुर**



प्रेसवार्ता को संबोधित करते सम्पूर्ण सहकारी समिति के सदस्य.

मांझी टोला में टाटा स्टील के 16 कर्मचारियों ने एक साथ 36 कट्ठा जमीन 1983 में ख़रीदकर सम्पूर्ण सहकारी समिति बनाई. जिसके बाद कर्मचारियों ने जमीन को डेवलप करने के लिये 25 अप्रैल 2011 को दीप्ती कंस्ट्रक्शन के विनय चौबे के साथ एग्रीमेंट किया. इसके तहत उस जमीन पर सद्गुरु अपार्टमेंट्स नामक फ्लैट बनाया गया है. एग्रीमेंट के तहत 48 माह में कर्मचारियों को फ्लैट बनाकर देना था. लेकिन 13 साल में डेवलपर ने अधूरा अपार्टमेंट्स बनाकर रखा है. रविवार को यहां आयोजित प्रेसवार्ता में टाटा स्टील के कर्मचारियों की सोसायटी के सदस्यों ने उक्त आरोप लगाए. प्रेस वार्ता में जूस्को यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, बीके दीक्षित, अजय कुमार दुबे, रविन्द्र कुमार, बीके तिवारी शामिल थे.

कर्मचारियों का आरोप है कि सोसायटी के हिस्से की बिल्डिंग में एग्रीमेंट तोड़कर काली ईंट लगाई गई है. अब तक लिफ्ट भी नहीं लगा है. कर्मचारियों ने घटिया मेटेरियल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है. फ्लैट में सीवरेज लाइन, टाइल्स, स्टील का इस्तेमाल सब घटिया स्तर का है. जबकि डेवलपर ने जमीन पर अपने हिस्से का फ्लैट बेहतर तरीके से बनाकर बेच दिया है. कर्मचारियों ने बताया कि डेवलपर के विरुद्ध सरायकेला कोर्ट में अपील दायर कर रखा है. इसके खिलाफ डेवलपर हाई कोर्ट गए हुए हैं. अब हमलोग रिटायर हो गए हैं, घर की बहुत जरूरत है. लैंड लॉर्ड के साथ 48 माह का करार था 36 फ्लैट बनाकर देने का. एग्रीमेंट में देर होने पर 7000 रुपये प्रति माह जुर्माना का भी प्रावधान है.एक कट्ठा जमीन पर एक फ्लैट 1000 वर्गफीट कारपेट एरिया का बनाकर देना था. कुल 16 कर्मचारियों से 36 कट्ठा जमीन लिया गया है. डेवलपर ने सोसायटी के सेक्रेट्री एनके तिवारी और अध्यक्ष अवधेश सिंह को अपनी तरफ मिला लिया है.

**36 में 30 फ्लैट कंप्लीट, मामला कोर्ट में विचाराधीन : चौबे**

आदित्यपुर : सम्पूर्ण सहकारी समिति के सदस्यों के आरोप पर डवलपर विनय चौबे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि उन्होंने एग्रीमेंट के मुताबिक 36 में 30 फ्लैट कंप्लीट कर रखा है. 6 का काम चल रहा है. लेकिन समिति के सदस्य फ्लैट लेना नहीं चाह रहे हैं. वे लोग रजिस्ट्री ऑफिस जाकर वहां से भागकर आ गए और सरायकेला न्यायालय में केस कर दिया है, जिसके क्वैश कराने के लिए वह हाई कोर्ट गये हैं. टाटा स्टील कर्मी जानबूझकर बखेड़ा कर रहे हैं. जहां तक काली ईंट लगाने का आरोप है तो वह एनजीटी के गाइड लाइन के अनुसार 60/40 के अनुपात में लाल और काली ईंट लगाई गई है. बाकी सारे कार्य दुरुस्त हैं, लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया चल रही है. वैसे में जब मामला कोर्ट में विचाराधीन है तो सोसायटी के सदस्यों को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए.

---

# चोरी की 12 बाइक बरामद गिरोह के दो चोर गिरफ्तार

- फर्जी आरसी बनाकर रखते थे बंधक
- एक और सदस्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**संवाददाता । जमशेदपुर**



बरामद बाइक के साथ बर्मामाइंस थाना पुलिस के टीम.

बर्मामाइंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में लाल बाबा फाउंड्री निवासी सतपाल सिंह और जुगसलाई निवासी अंकित सोनकर उर्फ छोटू शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 चोरी की बाइक, बाइक चोरी करने के लिए इस्तेमाल में आने वाली मास्टर चाबी और चार वाहनों की फर्जी आरसी बरामद की है. इसके अलावा पुलिस ने अन्य जगहों से सात बाइक बरामद किये हैं जिसे बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में पाया गया. पुलिस मान रही है कि ये बाइक भी चोरी की हैं. इनमें कई बाइक एचएसएम गेट के बाहर, डायमंड रेस्टेरेंट का बाहर और बर्मामाइंस पार्किंग के पास पाई गई हैं. पुलिस को शक है कि चोर गिरोह बाइक को चुराने के बाद इन जगहों पर छुपा देते हैं. फिलहाल पुलिस इन बाइक के असली मालिकों का पता लगाने में जुट गई है.

रविवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बीते कई दिनों से बर्मामाइंस में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी जिसको देखते हुए एक टीम का गठन किया गया था. टीम ने पहले सतपाल सिंह को गिरफ्तार किया जो बाइक चोरी करता था. सतपाल के पास से एक मास्टर चाबी बरामद की गई. इसके बाद पूछताछ में अंकित सोनकर का नाम आया जो चोरी की बाइक को खपाने का काम करता था.



मामले का खुलासा करते एसएसपी किशोर कौशल.

**मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर करते थे चोरी**

**कई वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर रखा बंधक**

एसएसपी ने बताया कि सतपाल बर्मामाइंस में कंपनियों के बाहर खड़ी बाइक को मास्टर चाबी की मदद से चुराता था. अंकित उस वाहन का नंबर प्लेट बदल देता था और उसका फर्जी आरसी बना लेता था. इसके बाद पैसे की तंगी का बहाना बनाकर बाइक को 15-20 हजार में बंधक रख देता था. जो रुपये मिलते थे उसे दोनों आपस में बांट लेते थे. जितनी भी बाइक बरामद की गई है उसमें से कई बाइक के नंबर प्लेट बदल दिए गए हैं ताकि किसी को शक नहीं हो. एसएसपी ने बताया कि इस संबंध में एक और सदस्य फरार है जो फर्जी आरसी बनाने का काम करता था. पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

---

# घाटशिला में एनएच-18 पर कार ने टाटा 407 को मारी टक्कर, 5 घायल

## कोलकाता से जमशेदपुर जा रहे थे युवक-युवती

**संवाददाता । घाटशिला**

श्याम सुंदरपुर थाना के समीप एनएच 18 फोरलेन पर रविवार को एक कार ने टाटा 407 वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि दो युवती एवं एक अन्य युवक को भी चोट आई है. सभी कोलकाता से जमशेदपुर के मानगो जा रहे थे.

घटना के संबंध में श्याम सुंदरपुर थाना के एएसआई देव कुमार प्रसाद ने बताया कि काफी तेज रफ्तार से युवकों ने स्विफ्ट डिजायर कार से 407 वाहन को ठोकर मार दी. हाईवे पेट्रोल एवं अन्य वाहन की मदद से पांचों घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. पांचों का इलाज डॉ मीरा मुर्मू ने किया. उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल फजल खान तथा इस्माइल को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया गया है. इस दुर्घटना में कार चला रहा मानगो निवासी फजल खान को गंभीर चोट आई है. जबकि इस कार के आगे बैठी बारीडीह निवासी नंदनी कुमारी को हल्की चोट लगी है. पीछे बैठे मोहम्मद इस्माइल, बंटी सिंह एवं सिमरन कौर तीनों जमशेदपुर के जवाहर नगर एवं मानगो का रहने वाले हैं. पुलिस युवतियों से नंबर लेकर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है. परिजन के आने के बाद इन लोगों को परिवार के हवाले किया जाएगा. पुलिस को मामला संदिग्ध लगता है क्योंकि युवतियां अपने परिवार का सही नंबर नहीं दे रही हैं.



घाटशिला के अनुमंडल अस्पताल घायल की ड्रेसिंग करते स्वास्थ्यकर्मी

---

# किसी भी आपातकाल में डायल करें 112, जल्द होगा समाधान

- 24 घंटे सक्रिय रहती है टीम

**संवाददाता । जमशेदपुर**

अब किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए में डायल 112 को तैयार किया गया है. 112 नंबर पर फोन कर देश के नागरिक किसी भी कोने में सुरक्षा और सहायता आसानी से पा सकते हैं. डायल 112 को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है.

डीएसपी सीसीआर अंजनी तिवारी ने बताया कि 112 का इस्तेमाल देश के किसी भी कोने से किया जा सकता है. पूर्व में पुलिस को बुलाने के लिए लोग 100 और एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन करते थे पर अब यह सारी सुविधा 112 पर ही मिल जाएगी. किसी भी प्रकार की मुसीबत होने पर जब कोई व्यक्ति 112 पर फोन करता है तो राज्य स्तर पर बनाई गई कंट्रोलिंग टीम द्वारा तत्काल इस पर एक्शन लिया जाता है. उन्होंने बताया कि राज्य की टीम पूरी सूचना लेने के बाद तत्काल संबंधित थानों को या फिर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देता है. इसके बाद सूचना देने वालों को सहायता पहुंचाई जाती है. राज्य स्तर के अलावा जिला स्तर और थाना में भी इसके लिए एक टीम कार्यरत है, जो 24 घंटे सक्रिय रहती है. इसके अलावा मॉनिटरिंग टीम के द्वारा सूचना मिलने से लेकर सहायता पहुंचने तक की पूरी मॉनिटरिंग की जाती है. 112 नंबर पर डायल कर आपातकालीन मेडिकल, अग्निशमन अन्य आपातकालीन स्थिति में भी इसके माध्यम से सहायता प्राप्त की जा सकती है.

---

# मुसीबत बनी गंडानाटा जाने वाली सड़क

## पंद्रह गांवों को बहरागोड़ा मुख्य बाजार से जोड़ती है

- दस साल से नहीं हुई है इसकी मरम्मत
- तालाबनुमा गड्ढे बन गये हैं सड़क पर

**संवाददाता । बहरागोड़ा**



बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की राजलाबांध पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित जिला परिषद बस टर्मिनल से गंडानाटा जाने वाली सड़क मुसीबत का पर्याय बन गई है. एक साल पहले स्वीकृत होने के बावजूद भी सड़क मरम्मत की दिशा में कोई पहल नहीं हुआ है. इस सड़क पर मोटरसाइकिल, साइकिल तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. प्रतिदिन कई गांवों के ग्रामीण तथा स्कूली बच्चे आवागमन के लिये इसी सड़क पर निर्भर हैं. यह सड़क पाथरा तथा पूर्णापाणी पंचायत के लगभग पंद्रह गांवों को बहरागोड़ा मुख्य बाजार के साथ जोड़ती है. बरसात के इस मौसम में सड़क पर तालाबनुमा गड्ढे बन गये हैं

लगभग दस साल पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत इस सड़क की मरम्मत हुई थी. उसके बाद संबंधित विभाग ने इस सड़क की ओर देखा ही नहीं. क्षेत्र के लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों को इससे अवगत कराया है मगर आज तक मरम्मत की दिशा में किसी प्रकार का पहल नहीं हुआ है. आए दिन कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थी साइकिल पर गिरकर जख्मी हो रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण मुख्य धारा से जुड़ने में कई गांव के लोग वंचित रह जा रहे हैं. गांव के लोगों के साथ जनप्रतिनिधि सौतेला व्यवहार कर रहे हैं. लोगों ने मांग की है कि सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत हो.

---

## न्यूज अपडेट

### 12 को मुख्यमंत्री से मिलेंगे झारखंड आंदोलनकारी



**आदित्यपुर ।** गम्हरिया प्रखंड के 46 झारखंड आंदोलनकारियों को अब तक सर्टिफिकेट नहीं मिला है. सभी आंदोलनकारियों ने बैठक कर 12 जुलाई को रांची जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने का निर्णय लिया है. झारखंड सरकार की गृह कार्य आपदा आयोग की सर्वे सूची में बहुत सारे आंदोलनकारियों का नाम नहीं है. जिसे अब चिन्हित किया जा रहा है. आज की बैठक में झारखंड आंदोलनकारी वीरेंद्र गुप्ता के अलावा अमृत महतो, वीरेंद्र प्रधान, अनादि आचार्या, मनोहर कर्मकार, विनय चंद्र महतो, खिरोद सरदार, राजेश महतो आदि शामिल थे. आंदोलनकारी मुख्यमंत्री से बचे हुए आंदोलनकारी का सर्टिफिकेट जारी करते हुए उन्हें और उनके परिवार वालों को हर तरह का लाभ देने की मांग करेंगे.

### विभूतिभूषण विद्या सम्मान समारोह 14 जुलाई को



**घाटशिला ।** गौरीकुंज उन्नयन समिति की ओर से गौरीकुंज परिसर में रविवार को बैठक आयोजित कर सम्मान समारोह आयोजित करने को लेकर चर्चा की गई. इस संबंध में समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी ने बताया कि 14 जुलाई को विभूतिभूषण विद्या सम्मान समारोह का आयोजन आशा ऑडिटोरियम में किया जाएगा. समारोह में क्षेत्र के जैक बोर्ड फर्स्ट सेकंड एवं थर्ड होने वाले उन सभी विद्यार्थियों को विभूतिभूषण विद्या अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इसके लिए समिति द्वारा बैठक कर स्कूलों से संपर्क किया गया है. समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है. बैठक में मुख्य रूप से शिल्पी सरकार, मानसी चटर्जी, रमा गुप्ता, मृणाल कांति विश्वास, संदीप चंद्र, प्रदीप भद्र, संजय सिन्ह उपस्थित थे.

### गुड़ाबांदा के बनमाकड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**गुड़ाबांदा ।** रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर रविवार को गुड़ाबांदा के बनमाकड़ी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. भारत सरकार के उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था सिटिजंस फाउंडेशन ने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया. शिविर में 10 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने 407 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की. डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गईं. स्वास्थ्य शिविर में रक्त जांच तथा रक्तचाप जांच की निःशुल्क व्यवस्था थी. पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों की नेत्र जांच की.विशिष्ट अतिथियों ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया. मौके पर प्रमुख शुभजीत मुंडा, मुखिया मनमथ देऊरी समेत ग्रामीण उपस्थित थे.

### निजी खर्च से सड़क एवं नाली की सफाई कराई



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड के राजलाबांध पंचायत क्षेत्र में स्थित मौसी बाड़ी के लिए जगन्नाथ महाप्रभु की रथ रथयात्रा को देखते हुए उपमुखिया पपू राउत और वार्ड सदस्यों ने मिलकर अपने निजी खर्च से नाली और सड़क की साफ सफाई करवाई. विदित हो कि इस नाली से सड़क पर गंदी पानी बहता रहता था. जिसमे राहगीरों को काफी दिक्कत होती थी.इसके साथ महाप्रभु की रथ यात्रा को देखते हुए यह साफ सफाई कार्य अति आवश्यक था. इस दौरान उपमुखिया पपु राउत ने कहा कि रथ यात्रा और श्रद्धालुओं को आवागमन की सहूलियत को देखते हुए यह कार्य कराया गया.इस मौके पर वार्ड सदस्य उमेश राउत,कौशिक मइति,बिल्टू पैरा, नयन कर,संतोष कुइला, घासीराम मंडल आदि उपस्थित थे.

### पंचायत सचिव संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**घाटशिला ।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ की जिला स्तरीय बैठक रविन्द्र नाथ सरदार की अध्यक्षता में एवं जिला मंत्री महावीर महतो की उपस्थिति में रविवार को धरमबहाल पंचायत सचिवालय में हुई. बैठक में सभी प्रखंड के अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव शामिल थे. बैठक में पंचायत सचिव ने कहा कि मूल ग्रेड पे 2400 रुपया, बीपीआरओ के पद पर प्रोन्नति सहित अन्य मांगों के अलावा अगले कार्यक्रम के संबंध में विचार विमर्श किया गया. इसमें जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर 19 जुलाई को, जिला मुख्यालय के समक्ष 31 जुलाई और राज भवन जाकिर हुसैन पार्क के समक्ष 21 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. उपरोक्त सभी बिंदुओं पर संघ के पदाधिकारी ने निर्णय लिया और सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई. मौके पर कमल किशोर घोष सहित काफी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित थे.

---

**संस्थान** 25 एकड़ में फैली है यूनिवर्सिटी, 92 विषयों की होती है पढ़ाई, छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर ध्यान

# सोना देवी विश्वविद्यालय : उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट संस्थान

**संवाददाता । जमशेदपुर**



शहर के कोलाहलपूर्ण वातावरण से एकदम दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 पर सोना देवी विश्वविद्यालय है. यह विश्वविद्यालय पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के घाटशिला अनुमंडल में है. विश्वविद्यालय का शुभारम्भ कोल्हान क्षेत्र में वर्ष 2023 में किया गया है. विश्वविद्यालय का प्राकृतिक वातावरण एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सुन्दर परिसर न केवल उच्च शिक्षा के लिए झारखंड राज्य का एक उत्कृष्ट संस्थान है, बल्कि यहां का शांतिपूर्ण वातावरण विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के लिए स्वप्रेरित करता है. 25 एकड़ क्षेत्र में फैले इस विश्वविद्यालय के 11 स्कूलों में डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं डीलिट की उपाधि हेतु 49 पाठ्यक्रमों तथा 92 विषयों में उच्च शिक्षा के लिए अध्ययन-अध्यापन का कार्य चल रहा है. इसके विभिन्न पाठ्यक्रमों को झारखंड सरकार के साथ-साथ, भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय भेषज परिषद् (पीसीआई), भारतीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) आदि द्वारा मान्यता प्राप्त हो चुकी है. विश्वविद्यालय के कैंपस में वाई फाई , सीसीटीवी, डिजिटल क्लास रूम, कक्षाओं में विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों का उपयोग, कक्षाओं में नवीनतम शिक्षा प्रौद्योगिकियों का उपयोग एवं निरंतर मूल्यांकन, कैंटीन , कैफेटेरिया की सुविधा, अत्याधुनिक पुस्तकालय, विश्वस्तरीय प्रयोगशालाएं,आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑडिटोरियम, एडवांस्ड कंप्यूटर लैब, इन्डोर एवं आउटडोर खेलकूद एवं मनोरंजन की सुविधाएं, छात्र-छात्राओं के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित अलग-अलग छात्रावास की सुविधा, बस सुविधा आदि उपलब्ध हैं. इससे कि सोना देवी विश्वविद्यालय द्वारा कोल्हान क्षेत्र के कई जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसावां तथा आस पास के प्रदेशों – उड़ीसा , पश्चिमी बंगाल के विधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, मूल्य आधारित, व्यावसायिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जा सके. विश्वविद्यालय में अनुसंधान और शोध कार्य सोना देवी विश्वविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में अनुसंधान, शोध कार्य एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की अति उत्तम व्यवस्था है. वर्तमान में 27 विषयों में शोध एवं अनुसंधान कार्य 7 राज्यों के शोधार्थियों द्वारा किया जा रहा है.

**आर्थिक सहयोग की व्यवस्था**

सोना देवी विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता हेतु गरीब एवं मेधावी विधार्थियों के लिए छात्रवृति का प्रावधान है. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 50% तक छात्रवृति की सुनिश्चितता, बैंक से ऋण की सुविधा और झारखंड सरकार की ई-कल्याण छात्रवृति की भी सुविधा उपलब्ध है.

सोना देवी विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र- छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास एवं भविष्य में उनके रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अन्तर्गत ही इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, सॉफ्ट स्किल्स, लाइफ स्किल्स (जीवन कौशल), व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, नेतृत्व विकास कार्यक्रम, समूह चर्चा, वाद-विवाद, इवेन्ट मैनेजमेंट, मॉक इंटरव्यू, नृत्य - संगीत, चित्रकला तथा यौगिक क्रिया-कलाप आदि नियमित रूप से कराये जाते हैं. यहां सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम, सेमिनार, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, पानी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है.

**भविष्य की कार्य योजना**

सोना देवी विश्वविद्यालय में व्यावसासिक एवं रोजगार परक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है. अत: एक दो साल में ,विश्वविद्यालय में अनेक रोजगार लक्षी पाठ्यक्रम जैसे डीएलईडी, बीएड, एमएड, बीपीएड, लॉ (कानून), नर्सिंग, पारा मेडिकल एवं एलाइड हेल्थ साइंस के अनेक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जायेंगे. करिअर काउन्सलिंग सेंटर, मानसिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शीघ्र ही सोना देवी विश्वविद्यालय में किया जायेगा.

**प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट की सुविधा**

सोना देवी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए शत-प्रतिशत सुनिश्चितता के साथ प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट की अच्छी व्यवस्था है., क्योंकि विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण एवं प्लेसमैन्ट इकाई देश की लब्ध प्रतिष्ठित कम्पनियों, उद्यमियों, गैर सरकारी संगठनों, सरकारी प्रतिष्ठानों, औद्योगिक घरानों तथा निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न प्रतिष्ठानों के साथ सतत सम्पर्क में हैं. विश्वविद्यालय के उच्च शैक्षिक योग्यता वाले, अनुभवी, प्रशिक्षित एवं निपुण संकाय सदस्यों द्वारा छात्रों को प्रोफेशनल एवं व्यक्तिगत स्तर पर मेंटरिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है. सोना देवी विश्वविद्यालय ने इतने कम समय में ही देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ एमओयू भी किए हैं.

## चांडिल, चाईबासा, चक्रधरपुर और किरीबुरु में प्रभु जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ पहुंचे मौसी बाड़ी

# जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ भक्तों ने खींचा रथ

चांडिल


चांडिल में रथयात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़.

चाईबासा


चाईबासा में रथ यात्रा में प्रसाद लेने के लिए मची होड़.

चक्रधरपुर


प्रभु जगन्नाथ व उनके भाई-बहन को मौसी बाड़ी ले जाते भक्त.

किरीबुरु


किरीबुरु में प्रभु जगन्नाथ का रथ खींचते और दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु.

संवाददाता | चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में रथयात्रा का त्योहार रविवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक रूप से मनाया गया. चांडिल में वृहद स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है. चांडिल स्थित श्री साधु बांध मठिया, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा नागा संन्यासी आश्रम से तीन अलग-अलग रथ पर सवार होकर महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ चांडिल स्टेशन स्थित मौसीबाड़ी के लिए रवाना हुए. इसके पूर्व श्री साधु बांध मठिया मठ में तीनों ग्रहों की महाआरती एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई.

इस अवसर पर आश्रम में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती के नेतृत्व में निकाली गई इस रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे. रथ यात्रा के दौरान रथ खींचकर आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की होड़ लगी रही. अलग-अलग रथों पर सवार तीनों विग्रहों को भजन कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने चांडिल स्टेशन स्थित मौसीबाड़ी तक पहुंचाया गया.

चांडिल में श्रीसाधु बांध मठिया मठ से निकलने वाली रथ यात्रा चांडिल-धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 32 के रास्ते चांडिल स्टेशन स्थित मौसीबाड़ी तक जाती है. रथ यात्रा के साथ महंत इंद्रनंद सरस्वती, महंत मेघानंद सरस्वती, महंत केशवानंद सरस्वती समेत कई महंत भी चल रहे थे.

चांडिल में ब्रह्मलीन महंत परमानंद सरस्वती ने वर्ष 1980 से यहां तीन अलग-अलग रथ चलाने की परंपरा शुरू की थी. फिलहाल जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती की अगुवाई में रथ यात्रा निकाली जाती है. महंत विद्यानंद सरस्वती ने तीनों रथों को लोहे का बनवाया है. इन रथों में वाहन का टायर वाला पहिया लगा है और स्टेयरिंग भी है. इस वर्ष रथ यात्रा के दौरान पहले की अपेक्षा श्रद्धालुओं की भीड़ कम देखी गयी. आश्रम से निकलने के बाद रथ तेजी से गंतव्य की ओर रवाना हुआ. टायर वाले पहिया लगा रहने के कारण इस वर्ष रथ को खींचने में भक्तों को परेशानी नहीं हुई. वहीं रथों पर स्टेयरिंग लगा रहने के कारण रथों को आसानी से सड़कों पर मोड़ा जा रहा था. रथ यात्रा में विधायक सविता महतो, हरेलाल महतो, भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव, सुखराम हेम्ब्रम, हिकिम चंद्र महतो, कार्तिक महतो, मधुसूदन गोराई, पप्पू वर्मा, खगेन महतो, बनुसिंह सरदार, सारथी महतो, विशाल चौधरी आदि शामिल हुए.

### चाईबासा में निकली प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा

**चाईबासा** | चाईबासा में रविवार को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी के लिए रवाना हुए. 9 दिनों बाद भगवान अपने घर लौटेंगे. पोस्ट ऑफिस चौक से रथ निकाल कर मौसी बाड़ी तक पहुंची. इधर, रथ यात्रा में भीड़-भाड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस प्रशासन की भी तैनाती कर दी गई है. जगह-जगह पर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. साथ ही दंडाधिकारी की भी नियुक्ति कर दी गई है. मालूम हो कि चाईबासा में रथ यात्रा के दौरान हजारों लोगों की भीड़ होती है. प्रभु जगन्नाथ के भक्तगण अपनी-अपनी आस्था के साथ रथ के सामने पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते हैं. देर शाम को पोस्ट ऑफिस चौक में हजारों की संख्या में भीड़ जुटी.

### गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुआ महाप्रभु का रथ



संवाददाता | चक्रधरपुर

जय जगन्नाथ उद्घोष के साथ रविवार शाम चक्रधरपुर की पुरानी बस्ती में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. पुरानी बस्ती स्थित मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विग्रह को रथ पर सवार कर मौसीबाड़ी गुंडीचा मंदिर के लिए रवाना किया गया. जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ महाप्रभु का रथ खींचा.

इस दौरान रथ पर सवार झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी व पुजारी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद उछाले, जिसे लेने के लिए लोगों में होड़ मची रही. रथ यात्रा के दौरान पुरानी बस्ती में खासकर महिलाओं ने घर से बाहर निकाल कर शंख, घंटी बजाकर महाप्रभु जगन्नाथ का स्वागत किया. रथ यात्रा के दौरान चक्रधरपुर के शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. इस अवसर पर पुरानी बस्ती में प्रसाद के दुकानों के अलावा खिलौने के दुकान भी लगाए गए थे. रविवार देर शाम महाप्रभु जगन्नाथ के रथ को आधे रास्ते तक लाया गया. सोमवार को पुनः श्रद्धालु रथ को खींचकर पुरानी बस्ती स्थित गुंडिचा मंदिर तक लेकर जाएंगे. चक्रधरपुर की पुरानी बस्ती के अलावे केरा, देवगांव, बंदगांव प्रखंड की कराईकेला, सोनुआ, मनोहरपुर में भी श्रद्धा भाव के साथ रथ यात्रा निकाली गई. जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी.

### भगवान जगन्नाथ को भक्तों ने पहुंचाया मौसीबाड़ी

**किरीबुरु** | हिल्टॉप, किरीबुरु स्थित जगन्नाथ मंदिर से किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में मंत्रोच्चार एवं भक्तों की भारी जयघोष के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी के लिये निकले. सैकड़ों भक्त वर्षा के बावजूद रथ खींच उन्हें मौसीबाड़ी ले जा रहे हैं. हालांकि वर्षा की वजह से हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भीड़ थोड़ा कम रही. इससे पहले भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से पूर्व किरीबुरु एवं सारंडा क्षेत्र में 7 जुलाई की शाम लगभग 3 बजे से निरंतर जारी मूसलाधार वर्षा से रथ यात्रा कार्यक्रम एवं जन-जीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा. शाम साढ़े चार बजे से रथ खींचने का कार्यक्रम तय था, लेकिन पांच बजे तक मूसलाधार वर्षा जारी रही. आज सुबह से धूप थी, लेकिन दोपहर बाद बारिश होने लगी.

### आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा के पिता का निधन

**चक्रधरपुर** | आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष चक्रधरपुर के गोपीनाथपुर पंचायत स्थित लौजोड़ा गांव निवासी रामलाल मुंडा के पिता मंगल मुंडा का निधन रविवार को हो गया. वे 103 वर्ष के थे. वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. रविवार को लौजोड़ा गांव स्थित आवास में ही मंगल मुंडा का निधन हो गया.

इधर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा के पिता मंगल मुंडा के निधन की खबर पाकर पूर्व पार्षद सह झामुमो नेता दिनेश जेना, वेद प्रकाश दास, विवेक कुमार व अन्य ने रामलाल मुंडा के घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया.

### ईचा डैम रद्द करने का वादा पूरा करें चम्पाई : संघ

**चाईबासा** | राजनागर प्रखंड हेरमा पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम धोड़ाडीह में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान ने जन जागरण सह जनांदोलन चलाया. पिछले कई महीनों से संघ द्वारा ईचा डैम को रद्द करने के लिए यह जनांदोलन कोल्हान के 87 गांव में चला कर लोगों जागरूक किया जा रहा है.

संघ के अध्यक्ष बीर सिंह बुड़ीउली ने कहा कि स्थानीय विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री ने आदिवासी मूलवासियों को ठगा है. मुख्यमंत्री बनकर भी ईचा डैम रद्द नहीं करा सके. 2019 के चुनाव में झामुमो ने डैम रद्द कराने को चुनावी मुद्दा बनाया था. पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन ईचा डैम रद्द करने का वादा पूरा करें.

## लापता रांदो सिरका का अब तक नहीं चला पता


थाना से बाहर निकलते मुंडा व रांदो सिरका के पिता, इनसेट में रांदो सिरका.

संवाददाता | किरीबुरु

गुवा थाना अन्तर्गत कोलायसाई गांव निवासी रांदो सिरका (20 वर्ष) 17 जून की सुबह से लापता है. अब तक उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है. रांदो सिरका की तलाश में उसके पिता बोंज सिरका एवं गांव के मुंडा चन्द्रमोहन सिरका तीन बार गुआ थाना का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन पुलिस उसके बारे में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है. पुलिस सिर्फ इतना आश्वासन दे रही है कि पता चलने पर बताया जायेगा.

बोंज सिरका व मुंडा चन्द्रमोहन सिरका ने बताया कि रांदो सिरका 17 जून की सुबह बैल-बकरी लेकर पास के कोल्हान जंगल में चराने गया था. उसी दिन अहले सुबह लिपुंगा गांव क्षेत्र के जंगलों में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पांच नक्सली मारे गये थे. एक महिला समेत दो नक्सली को पुलिस ने पकड़ा था. उसी दिन पुलिस ने मेरा बेटे को जंगल से पकड़ कर अपने साथ ले गई है. गुवा पुलिस भी बोंज के बारे में जानकारी नहीं दे रही है.

17 जून की सुबह लगभग 4.30 बजे कोबरा, सीआरपीएफ-26 बटालियन, झारखंड पुलिस का संयुक्त दल लिपुंगा गांव के समीप नक्सलियों के डेरा पर हमला कर दिया था. इस हमले में पांच नक्सली मारे गये थे, जिसमें सारंडा सब जोनल कमेटी के सदस्य कांडे उर्फ दिरीसुम होनहागा, पुलिस के कोल्हान मुक्त करने के अभियान का मुकाबला हेतु गठित स्पेशल दस्ता के कमांडर सह सारंडा एरिया कमेटी सदस्य सिंगराय, उम्मीदवार पार्टी सदस्य सपनी हांसदा, पीएलजीए का सदस्य सूर्या देवगम उर्फ मुंडा और सांस्कृतिक टीम के साधारण सदस्य जोगा मारला शामिल थे. इन नक्सलियों की याद में भाकपा माओवादी संगठन के दक्षिणी जोनल कमिटी ने 10 जुलाई को 24 घंटे का कोल्हान बंद बुलाया है.

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : सुखराम उरांव

**चक्रधरपुर** | चक्रधरपुर के रेलवे महात्मा गांधी सभागार में रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिरडी साईं भक्त मंडल, त्रिवेणी इंजीकॉन्स प्राइवेट लिमिटेड व धौनी फैन्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में शाम पांच बजे तक कुल 185 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, रक्तदान से किसी को जीवन मिल पाता है. युवाओं ने शिविर में शामिल होकर रक्तदान किया.

### मानकी मुंडा स्वशासन प्रथा का उल्लंघन किया जा रहा

**चाईबासा** | पुटीदा से रघुनाथपुर एनएच 75 ई चाईबासा बायपास सड़क निर्माण के नाम पर कोल्हान में प्रवृत्त पारंपरिक मानकी मुंडा स्वशासन प्रथा का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है.

जनजातीय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूची पांच राज्य और जिला में स्थानीय स्वशासन से परामर्श और पारंपरिक ग्रामसभा से सहमति प्राप्त करने के बाद ही बायपास सड़क निर्माण करने के लिए विज्ञापन प्रकाशित करना चाहिए. यह बातें रविवार को सदर प्रखंड तुईबीर गांव में खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकु ने कहीं.

## श्रमदान कर बनाई सड़क सुखराम ने किया उद्घाटन


श्रमदान कर बनाई गई सड़क का उद्घाटन करते सुखराम हेम्ब्रम.

संवाददाता | चक्रधरपुर

**चांडिल** | ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐसे भी गांव हैं, जहां से बाहर निकलने के लिए अब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन सुगम सड़क तक नहीं बनवा पाई हैं. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है जहां से निर्वाचित होकर वर्तमान सांसद संजय सेठ केंद्र में मंत्री बने हैं. पहले भी तत्कालीन सांसद सुबोधकांत सहाय केंद्र में तीन बार मंत्री रह चुके हैं.

इस विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होकर तत्कालीन विधायक दिवंगत सुधीर महतो राज्य के उप मुख्यमंत्री बने थे. वर्तमान विधायक सविता महतो सत्ताधारी दल से हैं और शहीद परिवार से हैं. बावजूद इसके गांवों तक पहुंच पथ का नहीं होना क्षेत्र की जनता के साथ जनप्रतिनिधियों के लिए भी दुर्भाग्य की बात है. नीमडीह प्रखंड के रांगाडीह से चिंगड़ा पारकिडीह के बीच सड़क नहीं होने के कारण गांव के लोग नारकीय जीवन जीने पर विवश थे. लोगों को आवागमन करने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए आदिवासी बहुल गांव के लोगों ने स्वयं ही श्रमदान कर सड़क निर्माण कर लिया.

सड़क की समस्या से जूझ रहे आदिवासी बहुल गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर सड़क बनाने का निर्णय लिया. इसके लिए कई प्रकार की सामग्री की जरूरत महसूस हुई तो ग्रामीणों ने झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम से 30 जून को मिलकर इसकी सूचना दी. इसके बाद सुखराम हेम्ब्रम ने 2 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए सहयोग करने का भरोसा दिया और ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा किया. नीमडीह प्रखंड के रांगाडीह से चिंगड़ा पारकिडीह बीच श्रमदान कर बनाए गए सड़क का झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेम्ब्रम ने उद्घाटन किया.

### न्यूज अपडेट

### पोर्टरखोली व गार्ड बारिक में लगा पुनरीक्षण शिविर



**चक्रधरपुर** | आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर द्वितीय विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत रविवार को चक्रधरपुर के रेलवे क्षेत्र स्थित पोर्टरखोली एवं गार्ड बारिक में विशेष शिविर लगाया गया. इस दौरान मतदाता सूची से किसी कारणवश हटाये गये नामों का सत्यापन किया गया. साथ ही नये मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़ा गया. शिविर के दौरान पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा ने भी पहुंचकर निरीक्षण किया. साथ ही मतदान केन्द्र संख्या 16 एवं 17 के डोर टू डोर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया. शिविर में स्थानीय लोगों ने सत्यापन कराया. इस मौके पर अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी गिरजानंद किस्कू के अलावे अन्य अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोग मौजूद थे. बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान इन बूथों में बड़ी संख्या में मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलिड रहने पर लोगों ने नाराजगी जतायी थी.

### अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा 15 जुलाई को



**चाईबासा** | भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विशेष बैठक जिला अध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में हुई. बैठक में संजय पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद पूरे राज्य के प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम करना तय किया गया है. चाईबासा विधानसभा में 15 जुलाई को अभिनन्दन सह विजय संकल्प कार्यक्रम करना तय किया गया है. कार्यक्रम संयोजक रामानुज शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को चाईबासा विधानसभा स्थित चाईबासा नगर, सदर, झींकपानी, टोंटो और हाटगम्हरिया मंडलों के बूथों में बढ़त लिए 7 बूथों के बूथ समिति, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक को सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम में सभी 284 बूथों के बूथ समिति, मंडलों के वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलाकर 500 कार्यकर्ता एकत्रित होंगे. बैठक में कार्यक्रम प्रभारी विजय देवगम, ब्राजील सुंडी, जिला उपाध्यक्ष राकेश बबलू शर्मा, मीडिया प्रभारी हेमन्त कुमार केशरी आदि उपस्थित थे.

**सम्मान** चक्रधरपुर के मधुसूदन स्कूल में एचीवर्स मीट का किया गया आयोजन, छात्राओं ने प्रस्तुत किया नृत्य

# सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं के टॉपर हुए सम्मानित


टॉपर्स को सम्मानित करते डीएसपी पारस राणा, अध्यक्ष व डायरेक्टर.


स्कूल के टॉपर्स के साथ डीएसपी पारस राणा, अध्यक्ष, डायरेक्टर व अन्य.


कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्राएं.

- विद्यार्थियों को दिया गया मोमेंटो, मेडल व स्मृति पत्र

संवाददाता | चक्रधरपुर

चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन स्कूल में रविवार को एचीवर्स मीट 2024 का आयोजन किया गया. मधुसदून महतो उच्च विद्यालय व मधुसूदन पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड की 10वीं बोर्ड और 12वीं की परीक्षा के साथ-साथ नीट, जेईई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पोड़ाहाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान दोनों स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान पेश किया. इस दौरान पोड़ाहाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा व अन्य अतिथियों ने स्कूल के टॉपर्स व परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पोड़ाहाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा ने विद्यार्थियों का हौसला अफजाई किया.

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर करें. स्कूल के अध्यक्ष श्याम सुंदर महतो ने कहा कि बिना मेहनत के सफलता पाना आसान नहीं है. परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर विद्यार्थियों ने विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है. विद्यालय परिवार प्रत्येक वर्ष बेहतर परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों को इसी तरह सम्मानित करते आयी है और यह आगे भी जारी रहेगा. इस अवसर पर मधुसूदन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बीके हिन्दवार, प्राचार्य के नागराजू, मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत तिवारी व अन्य ने भी संबोधित करते अपने संबोधन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी. कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति दी. कार्यक्म में मुख्य रुप से मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के डायरेक्टर लक्ष्मण महतो, उप प्राचार्य आरती कोड़वार, मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत तिवारी उपस्थित थे. इनके अलावा मौके पर विद्यालय के सदस्य सचिदानंद राम, डीएन महतो, गणेश्वर महतो, ओम प्रकाश महतो, प्रभात कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, यशोदा महतो, कमेश्वर महतो समेत दोनों विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे.

एचीवर्स मीट सम्मान समारोह के दौरान सीबीएसई बोर्ड में जिला टॉपर मधुसूदन पब्लिक स्कूल के 10वीं टॉपर राज महतो को मधुसूदन महतो स्मृति पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया गया. वहीं सीबीएसई 12वीं विज्ञान की स्कूल टॉपर दीपिका रानी नाग को सरस्वती देवी स्मृति पुरस्कार 10 हजार नगद व मन्दोदरी स्मृति पुरस्कार के रुप में पांच हजार रुपये नगद प्रदान किये गये. मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय की 10वीं टॉपर प्रगति गोयल भी स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मधुसूदन पब्लिक स्कूल दसवीं बोर्ड के टॉपर राज महतो के अलावे सुजल साहु, आयुष राज, जगदीश महतो, राज शंकर, देवानंद महतो, अनुपमा महतो, धर्या जे सांध्वी, स्मृति महतो, अंश राज प्रधान, कला बारहवीं टॉपर संचिता महतो, जयदीप रॉय, जयता सरकार, प्रिया बोयपाई, निर्मला पालित बख्शी, विज्ञान टॉपर दीपका रानी सिंह, प्रणिता मिश्रा, अनुराग भेंगरा, आयुष कुमार सिंह, रवि शंकर महतो, मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के दसवीं टॉपर प्रगति गोयल, नीलम कुमारी, खिरोद महतो, अंजली मंडल के अलावे अन्य बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ नीट परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले संयुक्ता प्रमाणिक, मुस्कान अग्रवाल, आईआईटी जेईई परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले रोहित महतो व हर्ष अंकित गुप्ता को भी सम्मानित किया गया.

## ऑफिसर्स एसोसिएशन ने सांसद जोबा माझी को सौंपा मांगपत्र


- स्टेज- दो फॉरेस्ट क्लियरेंस दिलाने की सांसद से मांग की
- दोनों खदानों के चलने से 40 हजार लोग होंगे लाभान्वित

संवाददाता | किरीबुरु

आभार यात्रा के क्रम में 6 जुलाई की रात लगभग 10 बजे सांसद जोबा माझी सेल की मेघालया गेस्ट हाउस पहुंचीं. वहां झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से उन्हें मांग पत्र सौंपा गया. मांग पत्र देकर अनुरोध किया गया कि किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान का जीवन एक साल में खत्म हो जाएगा.

इसके लिए स्टेज-दो फॉरेस्ट क्लियरेंस दिलाने का प्रयास करें. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर फॉरेस्ट क्लियरेंस दिलाएं. इन दोनों खदानों के चलने से लगभग 40 हजार सारंडावासी और सिंहभूम वासी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हैं. सांसद जोबा माझी ने भी आश्वासन दिया कि उक्त समस्या का समाधान के लिए विभागीय मंत्री से बात करेंगी और सदन में मामले को उठाएंगी.

मांग पत्र देने वालों में मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम, किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय, मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक विकास दयाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार, सचिव यूबीएस राठौर, अनिल कुमार, डॉ. मनोज कुमार, मोहन कुमार, प्रकाश गुप्ता आदि शामिल थे.


सांसद जोबा माझी को मांग पत्र सौंपते सीजीएम आरपी सेलवम व अन्य.

### भगवान के दर्शन करने उमड़े हजारों श्रद्धालु , रथ खींचने को लेकर दिखा भारी उत्साह, विदेशी भक्तों का संकीर्तन, नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

# चौपारण में दो जगहों से निकली रथ यात्रा

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड में रविवार को दो स्थानों से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई. जीटी रोड सियरकोनी से इस्कॉन संस्था के तत्वाधान में भक्ति वेदांता और गुरुकुल के संस्थापक सह संचालक डॉ केशवानंद प्रभु, उज्जवल सखा प्रभु एवं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की अगुवाई में दूसरी बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. वहीं चौपारण जीटी रोड के ताजपुर केसरवानी ठाकुरबाड़ी सह राधा कृष्ण मंदिर से केसरवानी समाज की अगुवाई में 43वीं भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े. स्थानीय विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला एवं रवि शंकर अकेला ने विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठान के साथ रथ को विदा किया. विदित हो कि केसरवानी समाज द्वारा जीटी रोड ताजपुर में ठाकुरबाड़ी का निर्माण तथा राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना के बाद पहली बार 1982 में रथ यात्रा निकाली गई थी. इस दौरान थाना दीपक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान मुस्तैद थे. चौपारण जीटी रोड सियरकोनी (जगन्नाथ नगर) से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा सुबह नौ बजे से प्रारंभ होकर नौ बजे चैथी मोड़ पहुंची. पूजा-अर्चना कर जगरन्नाथ मंदिर से जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को रथ पर सुशोभित किया गया. युवा सामाजिक कार्यककर्ता रिशु वर्णवाल, डॉ कश्यप, श्रवण केशरी, सोनू वर्णवाल एवं उनकी टीम द्वारा शरबत, लस्सी, पानी की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं.



जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व सांसद मनीष.

**रथ यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक :** रथ के आगे रस्सी खींचने वाले भक्त तथा उससे आगे विदेशी भक्त हरिनाम का संकीर्तन कर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे. अन्य चार वाहनों पर पुरी, आडिशा के कलाकारों कार्यक्रम किया. कार्यक्रम में दो सौ से अधिक वांलिटयर के साथ, विहिप के 150 सदस्य, दुर्गावाहिनी के चालीस बालिका सदस्यों ने सेवा दी. सियरकोनी धाम चौपारण द्वारा निकाले गए भव्य रथ यात्रा का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरकठा विधायक अमीत यादव, सिमरिया विधायक किसुन दास सहित मुख्य आयोजक हरिचंद्र सिंह, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, राजदेव यादव, प्रभात सिंह, अभिषेक सिंह, बिनोद सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया.

# सिलवार में भगवान का दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर प्रखंड की सिलवार पंचायत स्थित सिलवार जगन्नाथ धाम में रविवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रथ यात्रा मेले का आयोजन हुआ. बता दें कि यहां वर्ष 1952 में एक खपरैल मंदिर से भगवान जगन्नाथ की पूजा- अर्चना कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर शुरू की थी जो आज वृहत रूप ले चुकी है. यहां स्थापित भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की प्रतिमा ओडिशा के पुरी से लायी गयी है. हरे- भरे पहाड़ियों की श्रृंखलाओं के बीच अवस्थित इस स्थल में वर्तमान समय में एक भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है. मंदिर परिसर की खूबसूरती से आकर्षित होकर यहां आयोजित धार्मिक रथ मेले में सम्मिलित होने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. धार्मिक मान्यता के अनुरूप विधिवत पूजा- अर्चना के उपरांत सिलवार मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग रथ पर सवार होकर केशुरा पहाडी स्थित मौसीबाडी पंहुचेंगे. इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ सांसद मनीष जायसवाल ने रथ को प्रणाम कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की. मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ कार्यवाह श्रद्धानंद सिंह भी मौजूद रहे. मेले में आकर्षक का केंद्र झुला, मौत का कुआं, ठेले और खोमचे में बिक रही तरह- तरह की मिठाइयां रहीं. स्थानीय लोग हिल ट्रैकिंग का भी जमकर आनंद ले रहे हैं. मेले के दौरान मंदिर समिति के लोग और पुलिस बल के जवान तत्परता और सक्रियता से मेले के सफल संचालन में जुटे हैं. मौके पर विशेषरूप से रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा नेता टोनी जैन, जयनारायण प्रसाद, महेश प्रसाद, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, भागीरथ प्रसाद, महेंद्र राम, जगदीश प्रसाद, सामेंद्र सिन्हा, सुभाष प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, छोटेलाल शर्मा, कृष्णा मेहता, बबन गुप्ता, रंजन चौधरी आदि मौजूद रहे.

भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद सिलवार के जगन्नाथ धाम पहुंचे और पूजा अर्चना कर हज़ारीबाग वासियों के लिए प्रार्थना कर सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की. साथ में विवेक बरियार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अननेश्वर प्रसाद, किशोर सावंत, भैया नितेश एवं पूजा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे.



भगवान जगन्नाथ की पूजा करते हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल.

## ब्रीफ खबरें

### कोडरमा में सांप के डसने से पांच गंभीर

**कोडरमा।** कोडरमा, मरकच्चो, डोमचांच थाना क्षेत्र में रविवार को सांप के डसने से पांच लोग घायल हो गए. इनमें दीपक सिंह (28), काजल देवी (26), सरस्वती देवी (35), विनोद कुमार यादव (38) और गीता देवी (46) शामिल हैं. जानकारी के अनुसार कई लोग खेत में काम करने के दौरान, कोई घर के बाहर काम कर रहे थे, जब सांप ने डस लिया. सांप के डसने से बाद आनन- फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है.

### गांजा तस्कर बिहार के नालंदा से गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया पुलिस ने गत माह भारी मात्रा में बरामद हुए गांजा के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बिहार के नालंदा से गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान उमेश सिंह निवासी कैलाशपुर तिलैया के रूप में हुई है. आरोपी की गांजा बरामदगी के दो अलग-अलग मामलों में तलाश चल रही थी. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि उमेश सिंह तीन माह से फरार चल रहा था. उसपर एनडीपीएस एक्ट व अन्य धाराओं के तहत तिलैया थाने में दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त उमेश सिंह तीन माह से फरार चल रहा था. पुलिस द्वारा इसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा था. सूचना प्राप्त हुई कि उक्त वांछित अपराधी नालंदा जिला के बैन थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव में छिपा हुआ है. ऐसे में गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी, तिलैया विनय कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया था.

### हजारीबाग में आयोजित सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पर जोर

# इंटक का मजदूरों के शोषण के खिलाफ लड़ाई का ऐलान

- वक्ताओं ने कोल कंपनियों और जिला प्रशासन को उग्र आंदोलन छेड़ने की दी चेतावनी

**संवाददाता। हजारीबाग**

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का सम्मेलन रविवार को हजारीबाग के टाउन हॉल में संपन्न हुआ. इसमें विस्थापित प्रभावित रैयतों व मजदूरों की समस्याओं को लेकर चिंतन मनन हुआ. इस दौरान हजारीबाग के अनुज सिंह और शशांक सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवकों ने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का दामन थामा. सैकड़ों महिलाओं ने राष्ट्रीय मजदूर नेता अर्जुन राम के नेतृत्व में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का दामन थामा. इस मौके पर भवनाथपुर के पूर्व विधायक मजदूरों के नेता राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि इंटक का कार्यक्रम हजारीबाग में होना कहीं ना कहीं अपने आप में इस बात का परिचायक है कि आने वाले समय में मजदूरों के हितों की लड़ाई यहां पर पुरजोर तरीके से लड़ी जाएगी. महिला नेत्री मीरा तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस पूरे भारत का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है और पूरे राज्य में एक जोरदार आंदोलन किया जाएगा. अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने कहा हजारीबाग में कोल कंपनियां मजदूरों का शोषण कर रही है. यहां पर किसी भी कानून का कोई अनुपालन नहीं हो रहा है. जिला प्रशासन कोयला कंपनियों को सह देने का काम कर रहा है. पूरे केरेडारी, बड़कागांव क्षेत्र में किसानों की जमीन लूटी जा रही है, उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है. मजदूरों के हितों की अनदेखी हो रही है. उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया है कि जल्द ही बड़कागांव और केरेडारी की धरती पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लें और मजदूरों मिलने का काम करें.



हजारीबाग में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता.

### कोयला कंपनियां बातचीत कर समस्या का हल निकालें

प्रदेश संयुक्त महासचिव महेंद्र मिश्रा ने कहा कि हजारीबाग में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस नए सिरे से लोगों को जोड़ने का काम करे, असंगठित मजदूर, दैनिक वेतन भोगी, मजदूर कोयला मजदूर, मोटीया मजदूर, संगठित मजदूर इंटक से जुड़ें और प्रदेश अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करें ताकि उनके हक और अधिकार की लड़ाई हजारीबाग से चलकर रांची तक पहुंचे और रांची से चलकर संसद तक गूंजे. राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की स्थापना 1947 में हुई थी और लगभग 3 :30 करोड़ सदस्य राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के हैं. देश नहीं अभी तो विदेश में भी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का परचम लहरा रहा है. हजारीबाग की जो भी कोल मजदूरों की समस्या है, इंडस्ट्रियल एरिया के मजदूरों की जो समस्या है, विस्थापित प्रभावित की जो समस्या है उसको जल्द ही देश के पटल पर लाने का काम करेंगे और एक बड़े आंदोलन की तैयारी होगी. प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम के माध्यम से कोयला कंपनियों को चेताते हुए कहा कि कोयला कंपनियां बातचीत करके समस्या का हल निकालें. नहीं तो हम लोग किसी भी स्तर तक जाने को तैयार हैं.

### बड़ी संख्या में इंटक कार्यकर्ता मौजूद रहे

इससे पहले कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने की. वहीं स्वागत भाषण अर्जुन राम ने दी. दीपक गुप्ता ने सभी प्रदेश नेताओं को बैज पहनाकर उनका स्वागत किया. परमेश्वर कुमार, कजरू साव, सुनील साव, सुनील चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया. प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे और अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता टाउन हॉल में उपस्थित हुए. मौके पर संगठन सचिव शशि आचार्य, सचिन राणा सिंह, सचिव मनोज कुमार सिंह, पूर्व विधायक वरिष्ठ इंटक नेता राजा राजेंद्र प्रताप देव, संयुक्त सचिव सरजू केवट, संगठन सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, मीरा तिवारी, अशोक देव, डॉ. प्रकाश कुमार, रितलाल मंडल, सुनील साहू, कजरू साव, परमेश्वर साहू, वरिष्ठ नेता डॉ. आरसी प्रसाद, रेणु कुमारी, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# शाकाहारी लोग लजीज व्यंजन के रूप में इस्तेमाल करते हैं जंगली मशरूम

- जंगली मशरूम चाहे कितने ही महंगे क्यों न हों इसका स्वाद लेने के लिए लालायित रहते हैं लोग



शहर के फुटपाथ पर जंगली मशरूम बेचते स्थानीय लोग.

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

झारखंड के जंगलों में स्वयं उगने वाले खुखड़ी, फुटका और टेकेनस शाकाहारी लोगों के लिए लजीज व्यंजन हैं. ये जंगली मशरूम कितने ही महंगे हों, लोग इसका स्वाद लेने के लिए लालायित रहते हैं. बरसात में जंगली क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के लिए ये मौसमी मशरूम आजीविका के सर्वोत्तम साधन बने हुए हैं.

जंगल की जमीन से उगे मशरूम की कई प्रजातियां बाजार में काफी महंगी कीमत में बिक रही हैं. हजारीबाग के बाजार में ताजा टेकनस 800 से 1200 रुपये किलो बिक रहा. फुटका 800 से 1000 रुपये प्रति किलो चिक रहा है. बाजार में बिकने वाले अन्य मशरूम में लावा, धरगूज, उबेर चंदन फुटका, बसकरिल आदि शामिल हैं. मॉनसून आने के बाद जुलाई से अगस्त माह तक मशरूम को अलग-अलग कीमतों पर बेचा जाता है. बता दें कि झारखंड में मशरूम की करीब 150 प्रजातियां पायी जाती हैं. इसे आसानी से पचने वाला फैट फ्री खाद्य पदार्थ माना जाता है, जो कैलोरी और फाइवर युक्त है. इसे हृदयरोग से पीड़ित मरीज भी खा सकते हैं. मशरूम की जंगली प्रजातियां जंगल, टांड़ और पत्थरों पर उगती हैं. जंगल पर आश्रित ग्रामीण इसे बेचते हैं. बिना लागत के इससे खासी कमाई हो जाती है है.

### क्या कहते हैं वनस्पति विज्ञानी डॉ. पीके मिश्रा

पांच समूह के मशरूम खाने लायक होते हैं. इनमें कुछ विषैले और शेष खाने लायक हैं, जिनकी पहचान जानकार ही कर पाते हैं. आमतौर पर गहरे रंग के मशरूम के इस्तेमाल से बचा जाता है. यह जहरीला माना जाता है. मांस के विकल्प के रूप में शाकाहारी लोग इसका इस्तेमाल करते हैं. मशरूम बेहतर स्वाद के लिए जाना जाता है. इसको पकाने में मांस में इस्तेमाल होने वाले मशालों का प्रयोग किया जाता है. ऐसे में मशरूम की डिश लजीज बन जाती है.

### मधुमेह के मरीजों के लिए संजीवनी

विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से रिटायर्ड वनस्पति विज्ञानी डॉ. पीके मिश्रा ने बताया कि जंगली मशरूम में प्लेरोटस और लैटिनस, बोलबेरिला और कॉप्रिनस, एग्रिकस, मोर्चेला और कैपरोलस शामिल हैं. बाजार में बिकने वाले मशरूम के अलावा जंगल में मिलने वाली मशरूम की अन्य कई प्रजातियां खाने लायक हैं. हालांकि इस क्षेत्र में काम नहीं हुआ है. नई प्रजाति की पहचान कर उनका इस्तेमाल किया जा सकता है. मशरूम मधुमेह मरीजों के लिए उपयोगी माना जाता है. इसमें काफी मात्रा में प्रोटीन पाए जाते हैं. इसमें वसा और कार्बोहाइड्रेट भी पाया जाता है.

### बैठक में ग्रामीणों ने चरणबद्ध आंदोलन चलाने का किया ऐलान

# डेली मार्केट को बंद करने का विरोध

**संवाददाता। रामगढ़**

छावनी परिषद स्थित डेली मार्केट को बंद किए जाने के कारण स्थानीय सब्ज़ी विक्रेताओं को हो रही परेशानियों को देखते हुए रविवार को कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास में रामगढ़ के विभिन्न गांवों के लोगों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो एवं संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से किसान सहयोग समिति का गठन किया गया तथा निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन स्थानीय सब्ज़ी विक्रेताओं को हो रही परेशानियों और बदतमीज़ियों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा. इस संबंध में सोमवार को सर्वप्रथम छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा. ज्ञापन के माध्यम से रामगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों से जो प्रतिदिन महिला- पुरुष किसान सब्ज़ी बेचने जाते हैं उनके लिए स्थाई डेली मार्केट का स्थल, शौचालय, शेड तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी. ज्ञापन देने के लिए मुर्राम कला, कांकेबार, चेटर, गोसा, बूढ़ाखुखरा, गंडके, गोडातू, दोहाकातू, उसरा, जमीरा, बहातू, चाहा, छत्तर, कुन्दरू, बारलौंग, कोठार, कैथा, हुहूवा, गोबरदरहा आदि गावों के सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, किसान आदि शामिल होंगे. बैठक में मुख्य रूप से दामोदर महतो, झलकदेव महतो, चिंतामणि पटेल, सुदर्शन महतो, संतोष निराला, अर्चना महतो, सुरेश महतो, अनिकेत ओहदार, ओम प्रकाश महतो, सोहन महतो, झरी महतो, पवन महतो, नुनूलाल महतो, प्रवीण कुमार, टिकेंद्र महतो, भरत महतो आदि मौजूद रहे.



बैठक में मौजूद रामगढ़ के विभिन्न गांवों के लोग.

# रांची रोड स्टेशन मॉडल स्टेशन के रूप में किया जाएगा विकसित

**संवाददाता। रामगढ़**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन तथा सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद के साझा प्रयास से बरकाकाना रेलवे जोड़ा तालाब में दस दिवसीय स्वच्छता तथा पौधरोपण कार्यक्रम का समापन हुआ. वहीं रांची रोड स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने की पहल पर मरार ग्राम नवनिर्मित सबवे के समीप पौधरोपण तथा स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया. इस क्रम में यूनियन तथा रेलवे पदाधिकारियों की टीम ने रांची रोड स्टेशन का सर्वेक्षण कर इसके सौंदर्यीकरण का रोड मैप तैयार किया. प्रसाद ने कहा कि युवाओं के सहयोग के बिना रांची रोड रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण नहीं हो सकता. यूनियन शाखा महेंद्र प्रसाद महतो ने आने वाले समय में बरकाकाना तथा रांची रोड रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने के लिए सभी की प्रशंसा की.



कार्यक्रम के दौरान रेलवे के अधिकारी व अन्य लोग.

### 5 जुलाई को रात्रि लगभग 9 बजे ओमप्रकाश साव को गोली मार दी थी

# स्याल गोलीकांड में दो गिरफ्तार

**संवाददाता। रामगढ़**

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल पोड़ा गेट पर ओमप्रकाश साव को गोली मारकर जख्मी करने के आरोपी शिवराज उर्फ शिवा और विक्रम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद की है. घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीती 5 जुलाई को स्याल पोड़ा गेट के पास रात्रि लगभग 9 बजे ओमप्रकाश साव को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था. उसका इलाज रांची के मेदांता अस्पताल में चल रहा है. घटना के बाद इस संबंध में पतरातू थाने में मामला दर्ज करते हुए पतरातू अवर निरीक्षक योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. पुलिस को सूचना मिली की कांड का आरोपी अपने साथी के साथ उरीमारी से स्याल चेकपोस्ट की ओर एक मोटरसाइकिल पर आने वाला है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने अभियान चलाकर उरिमारी स्याल चेक पोस्ट पर शिवराज और विक्रम को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इसी पिस्टल से पुरानी रंजिश में ओमप्रकाश साव को गोली मारी थी. वहीं अवैध पिस्टल रखने के आरोप में दोनों पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध पतरातू थाना में कांड संख्या 183/ 2024 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पतरातू अंचल योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, दरोगा अविनाश कुमार, निर्भय कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार सहित सदलबल शामिल थे.



पुलिस ने आरोपियों से कट्टा और बाइक भी बरामद की.

**कार्यक्रम**

### कोनार डैम में दामोदर वैली कारपोरेशन ने 77वां स्थापना दिवस मनाया, गिनाईं उपलब्धियां

# 'विस्थापितों के आंसुओं पर स्थापना दिवस का जश्न मना रहा डीवीसी'

**संवाददाता। विष्णुगढ़**

प्रखंड अंतर्गत कोनार डैम में रविवार को डीवीसी ने अपना 77वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर आयोजित समारोह में उपलब्धियां गिनाई गईं. डीवीसी की स्थापना के मूल में बिजली उत्पादन के साथ-साथ बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन था, लेकिन अब डीवीसी बिजली उत्पादन और बिक्री करने तक सीमित रह गया है.

सामाजिक दायित्वों से उसे कोई सरोकार नहीं रहा. डीवीसी के डैमों के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी विस्थापित हुई. इन विस्थापितों को अलग-अलग जगहों में बसाया जरूर गया, मगर आजतक इन्हें उस भूमि का मालिकाना हक नहीं मिला. लिहाजा भूमिहीन श्रेणी में आने के कारण इन्हें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है.



**खास बातें**

- विस्थापितों की आवाज बुलंद करने वाले माही का आरोप
- मेरे सुझाव पर कोई पहल नहीं की गई : मुखिया
- भूमिहीन विस्थापितों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

विस्थापितों की समस्याओं की आवाज बुलंद करने वाले माही पटेल उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहते हैं कि संवेदनहीन डीवीसी प्रबंधन दरअसल विस्थापितों के आंसुओं पर स्थापना दिवस का जश्न मना रहा है. डीवीसी के तिलैया, मैथन, बोकारो और कोनार डैम के विस्थापित अपने हक और हुकूक के लिए दशकों से आंदोलनरत हैं. इसके बावजूद स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसी न्यूनतम जरूरी सुविधाएं तक इन्हें नहीं मिलीं. मिला है तो बस छलावा.

विस्थापित गांव नावाटांड़ के निवासी और बनासो पंचायत के युवा मुखिया चंद्रशेखर कहते हैं कि मुखिया होने के नाते उन्होंने अपने क्षेत्र के विस्थापितों को स्वरोजगार देने समेत पुनर्वासित गांव के विकास के लिए कई योजनाओं पर अमल करने का सुझाव दिया, परंतु उस पर कोई पहल नहीं हुई. नतीजतन विस्थापित युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं. इसी गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राम ने कहा कि विस्थापित भूमिहीन हैं. इसलिए आवासीय प्रमाणपत्र बनवाना इनके लिए बड़ी समस्या है. पीएम किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी भूमिहीन होने के कारण इन्हें नहीं मिल पाता है.

# प्रजापति समाज की बैठक में राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा



जिला कमेटी की बैठक में भाग लेते प्रजापति समाज के लोग.

**संवाददाता। इचाक**

झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की मासिक बैठक प्रजापति भवन परिसर में रविवार को हुई. इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति उर्फ पप्पू और संचालन जिला सचिव ने किया. बैठक में आसान विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पृष्ठभूमि तैयार करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई. इसके अलावा संगठन की मजबूती, प्रखंड वार स्वजातियों की जनगणना, कोष का संग्रह तथा प्रजापति भवन की मरम्मती को लेकर कराने पर सहमति बनी. बैठक में आगामी 20 जुलाई को जिला जिला स्तरीय महासम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया, जिसकी तैयारी को लेकर जिला कमेटी की बैठक 10 जुलाई को दोपहर एक बजे से प्रजापति भवन परिसर में रखी गई है.

